MHN(P)03

Sl.No. : **Total No. of Pages : 2**

First Year M.A. Degree (Annual) Examination, Sept./Oct. - 2023
(SLM Scheme : Non CBCS)
HINDI (हिन्दी)
Course - III : Adhunik Hindi Gadhya Sahitya
प्रश्न पत्र - III : आधुनिक हिंदी गद्य साहित्य

Time : 3 Hours **Max. Marks : 80**

Instruction : All sections are compulsory.

SECTION - A

किन्हीं चार की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **[4×5=20]**

Q1) ''पेशा धर्म तभी कहलाता जब उसमें व्यक्तिगत लाभ–हानि की अपेक्षा सामाजिक मंगल का भाव प्रधान हो। इस दृष्टि से कोई भी पेशा खराब नहीं हैं। धर्म में त्याग का बहुत महत्त्व है।''

Q2) ''कोई किसी स्त्री से या पुरूष से उसको सुंदर देखकर चित्र लगाना और उससे मिलने का अनेक यत्न करना, इसी को प्रेम कहते हैं।''

Q3) ''रात–दिन रोते ही बीताते हैं। कोई बात पुछने वाला नहीं, क्योंकि संसार में जी कोई नहीं देखता, सब ऊपर ही की बात देखते हैं। हाय! मैं तो अपन–पराए सबसे बुरी बनकर बेकाम हो गयी।''

Q4) ''अवसर देखकर राज्य की रक्षा करने वाली उचित सम्मति दे देना ही तो कर्तव्य है। राजनीति के सिद्धांत में राष्ट्र की रक्षा सब उपायों से करने का आदेश है।''

Q5) ''क्या तुम्हें लाज भी नहीं आती? लोग तो सात पैर संग चलते हैं, उसका जन्म भर निभाव करते हैं और तुम को नित्य की प्रीति का निबाह नहीं है।''

Q6) ''केवल ज्ञान बोझ है, केवल श्रद्धा अंधा बना देती है। हिन्दी के प्रति जो हमारा प्रेम है, वह भी ज्ञान द्वारा चलित और श्रद्धा द्वारा अनुगामित होना चाहिए।''

SECTION - B

किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [3×10=30]

Q7) 'सीमारेखा' एकांकी के विषय वस्तु पर विचार विमर्श कीजिए।

Q8) नाट्य कला के तत्वों के आधार पर 'चन्द्रावली' की समीक्षा कीजिए।

Q9) 'ध्रुवस्वामिनी' की प्रमुख घटनाओं पर एक लेख लिखिए।

Q10) 'शरणागत' कहानी के प्रमुख पात्रों का चरित्र–चित्रण कीजिए।

Q11) 'उत्साह' निबन्ध की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

SECTION - C

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [2×15=30]

Q12) निबन्ध कला की दृष्टि से 'श्रद्धा–भक्ति' की आलोचना कीजिए।

Q13) 'तमस' उपन्यास के माध्याम से सामाजिक यथार्थ को चित्रित करने का प्रयास हुआ है। स्पष्ट कीजिए।

Q14) कलात्मकता की दृष्टि से 'रानी सारंधा' की चर्चा कीजिए।

Q15) 'माता–विमाता' कहानी का तत्वों के आधार पर विश्लेषण कीजिए।

